I wish to talk about animal husbandry. We all know that India is a vast sub-continent and it has great diversity and various species of domestic animals, especially, cattle, buffaloes, and a whole lot of animals, right from elephant to angora rabbit and all those various species, compared to international standards are producing neither that much meat nor milk that sustain an animal husbandry industry. We all know that there are certain states, especially Haryana, Punjab and Gujarat where milk production does have a certain semblance of consumption among the general populace. But take the country as a whole, especially big states like U.P. or Bihar or Orissa and find out what is the average daily consumption of milk and milk products. It is dismal; it is scandalous. What has India done in the last so many years since Independence to ameliorate this situation? I think it is scandalous. Much more needs to be done to propagate and to give more impetus to the white revolution whereby the average man in the village consumes more milk and milk products. I wish to talk as an ornithologist about birds. We all know as agriculturists the importance of birds in the agricultural arena. My suggestion is that we should immediately have a national institute whereby various bird species which are on the verge of extinction a lot of them are should be conserved and gene-pools, gene-banks created. The same applies to domestic animals species; a lot of them are on the verge of extinction.

I wish to talk about fisheries. Our colleague from Andamans gave a very vivid description of what is happening in his archipelago. But taking the country as a whole, how much do we know about the marine resources in our territorial waters? No survey has been done. If we want to know about fish migration and shore migration in our territorial waters, we probably have to go to Tokyo to get maps from there to see where the various marine resources lie. Also, can the Government tell us as to how many of the poaching vessels and trawlers from various countries have been arrested and detained for poaching our fish? We have not gone into that at all. Our fish wealth is being poached and over-exploited

Coming to saline land, because of over-drawing and over-exploitation of the ground water, especially along the coastal areas, we find that vast areas of our agrcultural land have become saline wastes, because there is no proper regulation. A national corporation should be created for ameliorating the situation whereby attention could be focussed on the reclamation of the saline land.

Coming to water management, pilot programmes have been funded but hopelessly inadequately. The Land Use Boards which were set up four or six years ago have never met. Land Use Boards are so important for the conservation of the environment and soil of the grassland and general land. But these have been lying indolent for six years. I think something should be done about these very very immediately.

We all want pesticides to conserve our crops from being eaten away by locusts and other pests, but do we konw to what extent toxic substances are injected into the soil and to what extent it is injurious to the health of the society? No survey has been done about this.

Coming to forests, these can be classified under grasslands, village forest programmes and social forestry. All these are probably great employment-oriented agencies. But I can certainly say that the social forestry programme is an eye-wash if you look at it from the point of view of re-generating forests or grasslands or conserving the soil. It is merely an employemnt agency. Because of lack of proper planning in that area, village forest programmes are tom-tommed but actually nothing happens. They are very important and if implemented properly, they can be a fuel substitute to the villagers. We know that after independence, this country has lost 75 per cent of its forests, whether you like it or not. Vast areas of our hills and rocky areas of Himalayas have been laid waste and are barren. The soil has gone into the sea. I do not know how they will be regenerated. All I can say is, there should be remote sensing. There is a remote sensing project, but that has to be implemented immediately so that we know how much we lose and what is to be done in that field.

*SHRI K. A. SWAMI (Visakhapatnam): Mr. Chairman, Sir, many distinguished Members have spoken about agriculture and Rural Reconstruction. I want to bring a few more points to the notice of the hon. Minister.

Sir, at present there is an urgent need for taking up a survey for underground water resources for the cultivation of dry areas. Unfortunately, we are not paying sufficient attention to the underwater resources. A survey should be taken up to locate the underground water. After determining the location we must see that water is brought up for use by tube-wells. The Government must also see to it that proper electrification facilities are provided. Oil engines, electric motors and pumps must also be provided.

There should be a permanent programme to see that every village in dry area is covered under this scheme. Unless we have such a scheme on a permanent footing, we cannot expect more acreage coming under the plough. Only through this scheme can we supply water to small farmers in remote villages in dry area. Ours is an agricultural country. About 75 per cent of the population depend on agriculture. I agree that the Government is spending crores of rupees on projects to bring more and more dry areas under cultivation but such costly constructions will ultimately, have to be supplemented by underground water resources to see the entire dry area in the country coming under the plough. In this regard Punjab stands out as an example. Even small pieces of land are being cultivated there by means of underground water. Other States must follow that example.

In Andhra Pradesh backward areas like Srikakulam, Vizag, Vijayanagaram and East Godavari districts in the State and the country are in constant grip of natural calamities. These areas will experience either drought or heavy rain year after year. For the past 20 years there has not been even a single harvest, with the result that many farmers are leaving their farms and villages and settling down in nearby towns. Sir, a person who owns a pan-shop or works as dock labourer is able to see his son becoming a doctor, an engineer or an I.A.S. officer. But, the poor farmer who sticks to his land in his village is not able to provide even primary education to his children even though he owns 25 acres of land. I need not stress upon the difficulties of these dry land farmers any further for much has already been said about it.

*The original speech was delivered in Telugu.

[Shri K. A. Swami]

Research must be carried out to find how much investment is needed on an acre of land for cultivation. The minimum price must be decided on that basis. A minimum support price is needed, otherwise it may lead to a fall in production. At present, sugar cane growers are not getting a remunerative price for their cane. They are not able to get back even their investments. Factory owners are purchasing the cane at a price which is much below the price fixed by the Government.

Sir, nationalised banks are not extending credit facilities to all the poor farmers in villages. They are not extending the credit facilities even in their adopted villages. The farmers must be supplied with pass books on a permanent basis and they must get the required credit on the production of such pass books. Even the policies of the Reserve Bank of India are not at all serving the interests of the farmers. On the contrary they are harming the farmers. In this connection, I request the hon. Minister to take this matter very seriously and set things right as early as possible, and see that the farmers get credit facilities even in remotest villages

One more important point to which I want to draw the attention of the hon. Minister is the Crop Insurance Scheme. The scheme is already in operation in many countries. Our country and our farmers have already suffered very much. I do not know why the Government is hesitating to adopt this scheme. I hope the hon. Minister will not waste any further time to help our farmers by implementing this scheme. It will give our farmers the support they need in their hour of distress.

The marketing facilities available to the farmer are too inadequate. The storage facilities are also very much inadequate. Godowns must be constructed in every village to store its produce. If it is not possible, the Government should hire godowns from private owners.

We have the Jute Corporation of India to serve the needs of the growers and the industry. But instead of purchasing the jute directly from the growers, it is at present purchasing it from the middle men. These middle men purchase the jute from the growers at a low price and profit by selling it at enhanced prices to the J.C.I. There are huge stocks lying with the farmers even now. I request the hon. Minister to see that these middle men and agents of mill owners should be eliminated and the growers should get a remunerative price for their produce.

At present the forests are being continuously destroyed on various pretexts and replantation programme is not being carried out. Though we have a Forest Department, it is not helping the growth of forests. Afforestation programme must therefore, be taken up seriously and the entire waste land in the country must be converted into a green land. In this regard Orissa has achieved some success and other States shou'd follow this example.

I hope the hon. Minister will consider my points. With these words Sir, I support the demands.

MR. CHAIRMAN: Before I call the next speaker I would request hon. Members not to come near the Chair. If they have anything to communicate, they should only send slips to the Chair.

चौधरी मुलतान सिंह (जलेसर) : माननीय सभापति जी, दो दिन से कृषि की अनुदान मांगों पर बहस चल रही है और इधर उधर के बैठने वाले सभी सदस्यों ने यह कहा है कि कृषि उत्पादन का उचित मूल्य किसानों को नहीं मिलता है, कृषि का सही दाम उन को नहीं दिया जाता है। यह आज से नहीं बल्कि पिछले 34 सालों से रोना चल रहा है और मेरी समझ में नहीं आता कि क्यों नहीं उन को उचित मूल्य दिया जाता है। बार बार यह कहा जाता है कि जनता पार्टी की सरकार भी आई और उस ने यह भी नहीं किया कि किसानों को उचित मूल्य देती लेकिन मैं यह कहना चाहता हूं कि वह नहीं दे

पाई इसलिए ढाई साल में वह खत्म हो गई लेकिन आप तो 33 साल से बैठे हैं, आपने क्यों नहीं उन को उचित मूल्य दिया.....(व्यवधान)... सरकार की यह हालत है कि किसानों को उन की उपज का सही मूल्य नहीं दिया जाता जबकि फक्टरी वालों की उन के माल के दाम सारे मिल जाते हैं । मैं आप को एक मिसाल देना चाहता हूं । हमारे मिर्जापुर में हिन्डालको फैक्टरी है, जिस को 11 पैसे प्रति यूनिट बिजली दी जाती है जबकि किसानों को 27 पैसे प्रति यूनिट बिजली दी जाती है । मैं यह पूछना चाहता हूं इस सरकार से कि क्या केवल 20 फीसदी आदमियों को ही आजादी मिली है और 80 फीसदी आदमी आज भी गुलाम हैं । आप बिरला को 11 पैसे प्रति यूनिट बिजली देते हैं और किसानों को 27 पैसे प्रति यूनिट । जब लागत खर्च 13 पैसे आता है, तो 11 पैसे प्रति यूनिट आप उन को देते हैं और पहले जब ढाई पैसे लागत खर्च आता था तो बिरला को दो पैसे प्रति यूनिट बिजली देते थे । हिन्डालको को आप सस्ती बिजली देते हैं और किसानों को महंगी बिजली देते हैं । यह हालत इस सरकार की है और यह सरकार सरमायेदारों की ही वफादार रही है और किसानों और गावों के लोगों को मिटाना चाहती है । जितनी, बिजली देश में बनती है, उस का 60 फीसदी उद्योगों में चला जाता है और किसानों को केवल 6 फीसदी बिजली दी जाती है जबकि सारा खर्चा किसानों पर, एग्रीकल्चर पर डाल दिया जाता है । 8 फीसदी बिजली रेलों को दी जाती है और बाकी जो बिजली बचती है वह दिल्ली और पूना जैसे बड़े बड़े शहरों को जगमगा रही है जबकि किसानों के खेत सूख रहे हैं । इंडस्ट्री में केवल 5 फीसदी लोग काम करते हैं और खेती में 80 फीसदी काम करते हैं लेकिन इतना होने पर भी किसानों को कुल 1281 करोड़ रुपए दिए गये हैं, जिस में केवल 18 करोड़ रुपए किसानों को जाएगा और बाकी जो रुपया है वह कृषि में लगे हुए लोगों की तन्खवाहों में चला जाएगा । इस तरह से किसानों के बजट का 70 फीसदी पैसा तन्खवाह में चला जाता है । इस के अलावा आप यह देखें कि इंडस्ट्री में 5 फीसदी आदमी काम करता है, तो उस को 350 करोड़ रुपए दिये गये । तो मैं यह कहना चाहता हूं कि इन पिछले 34 सालों में कोशिश इस बात की ही हुई है कि बड़े बड़े शहरों की तरफ देखा जाए और गावों में रहने वालों की तरफ कोई खास ध्यान नहीं है । गांवों में 5 फुट का रास्ता नहीं है जबकि इन शहरों में 500, 500 फुट का रास्ता बना हुआ है । आज देश में इस तरह की व्यवस्था बनी हुई है कि जो कोई वस्तु बनाने वाला है, वह अपनी चीज के भाव तय करता है लेकिन किसान ही ऐसा अभागा है, जो पैदा खुद करता है लेकिन एअर कंडीशन्ड कमरों में बैठ कर दिल्ली में 3 आदमी उस के भाव तय कर देते हैं और वे ऐसे आदमी हैं जिन के बाप-दादा को भी यह पता नहीं था कि बाजरा में और ज्वार में बाल क्या होती है । इस को उन को पता नहीं है ।

मैं आप को कुछ आंकड़े देना चाहता हूं । एक एकड़ में किसान का कितना पैसा खर्च होता है, उस के आंकड़े मैं आप को देता हूं । बीज 40 किलो, 200 रुपए का, खाद 200 रुपए, यूरिया, एक कट्टा 130 रुपए का, डी० ए० फी० खाद 170 रुपए, जुताई, बुआई, में 315 रुपए, निकाई, गुड़ाई 150 रुपए, पौधा संरक्षण तथा दवाई 100 रुपए, सिंचाई में 350 रुपए, कटाई 100 रुपए ढुलाई 40 रुपए, मढाई 50 रुपए, मार्केटिंग के लिए ले जाना 25 रुपए जमीन की कीमत 750 रुपए, जमीन का रख-रखाव 100 रुपए और एक मजदूर की तन्खवाह 300 रुपए । इस तरह से एक एकड़ पर कुल लागत 2,980 रुपए आती है । एक एकड़ में 6 क्विन्टल गल्ला होता है । उसकी कीमत आप किसान को सात सौ रुपए देते हैं । उसका जो खर्च आता है उसके मैंने अभी आपको आंकड़े बताये हैं । इसके बारे में आप आयोग से मालूम कीजिए या कोई कमीशन बिठाइए । अगर खेती को उद्योग में ले लिया जाए तो जैसे उद्योगों में सारा खर्चा लगा कर दाम जोड़ा जाता है उस तरह से : इस एक क्विन्टल गल्ले का दाम एक हजार रुपए से कम नहीं बैठेगा ।

एक हमारे यहां सोयल कंजवशन डिपार्टमेंट है । इस में सिवाय एक फला और फावड़े के कुछ भी नहीं है और उसका खर्चा अरबों रुपए का है । मैं मंत्री जी को सुझाव दूंगा कि इस सोयल कंजर्वेशन डिपार्टमेंट को खत्म किया जाए और हर कमिश्नरी को पांच बड़े बुल्डोजर दे दिए जाएं । जिनके आगे लेवलर लगता हैं, ऐसे बुल्डोजर दे दिए जाएं जो कि चम्बल जमुना, गंगा, क्वारी, सिरसा और सेंगर नदियों की 50 लाख हेक्टेअर जमीन को एक सा कर दें और फिर वह जमीन गरीब आदमियों और भूमिहीनों में आप बांट दें ।

एक लघु सिंचाई विभाग कहलाता है । इसकी हालत यह हो रही है कि उसके पास एक मूंज की रस्सी और चार फुट का एक पाइप है । जब वह बोर करता है, अगर पत्थर और कंकड़ आ जाए तो वह बोर नहीं कर सकता । इसके लिए मैं मंत्री जी को सुझाव दूंगा कि लघु सिंचाई को दो से चार इंच तक की रिंग मशीन दी जाएं जिनसे तमाम किसान प्राइवेट बोर कर सकें । आपके ट्यूब वाले तो आठ से बारह इंच के रिगों से बोर करते हैं । लेकिन इनसे किसान प्राइवेट बोर नहीं कर सकता है ।

उत्तर प्रदेश में झलेसर, देहरादून और आइजट-नगर में रिसर्च फार्म हैं । पन्तनगर, कानपुर और फैजाबाद में कृषि यूनिवर्सिटियां हैं । ये सब की सब बिजनेस सेन्टर बन गयी हैं । ये

[चौधरी भुलतान सिंह]

किसान से सवा रुपए में ले कर पांच रुपए किलो में बीज बेचती हैं फिर भी इनमें अरबों रुपये का नुकसान होता है । मैं सुझाव दूंगा कि इन सब को खत्म कर दिया जाय। न रिसर्च फार्म की जरूरत है और न रिसर्च यूनिवर्सिटी की जरूरत है । इन पर खर्च होने वाले पैसे से चार-पांच गांवों के बीच में दो-तीन एकड़ के रिसर्च फार्म खोल दिये जाएं जहां गांव के आदमी जा कर देखें और सीखें । वहीं से वे बीज लें ।

शहरों में भण्डार पर भण्डार बनाये जा रहे हैं । ये यू० पी० से गल्ला मद्रास भेजते हैं और मद्रास से दिल्ली भेजते हैं । पहले बनिया एक रुपए क्विन्टल के मुनाफे पर गल्ला बेचा करता था । ये एफ० सी० आई० वाले 25 रुपए क्विन्टल ले रहे हैं । गांवों में पुराने जमींदारों की पुरानी बिल्डिंग खाली पड़ी हैं । वे आपको सस्ते किराये पर मिल सकती हैं । आप वहीं की वहीं गल्ला खरीद कर उनमें रख सकते हैं और वहीं को वहीं गल्ला गरीबों में बांट सकते हैं ।

हरियाणा में विश्व बैंक योजना चल रही है। उस में ज्यादातर दिल्ली और दूसरे बड़े बड़े शहरों के बी० एस० सी०, एम० एस० सी० साढे सात सौ से तेरह सौ रुपए तक की तंख्वाह पर भर दिये गये हैं जिनको यह तक पता नहीं है पौध के ऊपर बाल लगती है या बाल के ऊपर पौध लगती है । ये गांवों में कभी नहीं जाते सिर्फ अफसरों को बियर पिला कर तंख्वाहें लेने के लिए जाते हैं । मेरा आपको सुझाव है कि कृषि विभाग के अन्दर चपड़ासी से ले कर मंत्री तक सभी किसान के लड़के होने चाहिएं क्योंकि उन्हें प्रेक्टिकल ज्ञान तो होता ही है, थियोरिटिकल ज्ञान उन्होंने पढ़ कर लिया होता है। उनसे सही काम हो सकता है ।

हमें यह उम्मीद थी कि कृषि में आप सिंचाई, बिजली, खाद और पानी विभाग भी देंगे और रुपए भी देंगे लेकिन आपने उस से सिंचाई विभाग निकाल लिया और दिया कुछ नहीं । मेरा सुझाव है कि कृषि के काम आने वाली वस्तुएं जितनी भी हैं, वे सभी एक मंत्रालय के नीचे होनी चाहिएं । चाहे ये प्रदेश में हों या देश में हों । आज दिक्कत यह हो रही है कि स्टेट छोटी और कारिन्दा ज्यादा । अगर आपको मंत्री बढ़ाने ही हैं तो आप बेशक घोड़े का, लकड़ी का, सफाई का विभाग खोल दीजिए । और उनमें मंत्रियों को रख दीजिए लेकिन यह मंत्रालय एक ही होना चाहिए, उसमें चाहे राज्य मंत्री कितने ही हों । यह मंत्रालय चाहे देश में हो चाहे प्रदेश में हो ।

यह कह कर मैं आपका धन्यवाद करता हूं।

श्री राम प्यारे पनिका (राबर्ट्सगंज) सभापति जी, मैं आभारी हूं कि आपने इस महत्वपूर्ण डिमांड्स पर मुझे बोलने का समय दिया । निश्चित तौर से बहुत से साथियों ने अपने विचार प्रकट किए हैं, लेकिन आज देश अपने कृषि मंत्रालय का आभारी रहेगा । कुछ साथी चर्चा करते हैं कि 30, 35 सालों में कोई तरक्की नहीं हुई, मैं कहना चाहता हूं कि प्राकृतिक आपदाओं और बड़ी बड़ी तूफानी बाढ़ों के बावजूद कृषि का उत्पादन हिन्दुस्तान में बढ़ा है । मैं खास तौर से अपने कृषि वैज्ञानिकों को भी धन्यवाद देना चाहता हूं जिनके प्रयास से हर क्षेत्र में खोज हुई और आज हमारा हिन्दुस्तान भी दूसरे देशों के सामने अपना सिर ऊंचा कर के खड़ा होता है । अगर मैं आज उनको धन्यवाद नहीं देता, तो अपने कर्त्तव्य से च्युत हो जाऊंगा ।

मैं उन बातों में नहीं जाना चाहता, जिनके बारे में हमारे दूसरे सदस्य बोल चुके हैं । मैं निवेदन करना चाहता हूं कि अगर कृषि की तरक्की करनी है तो निश्चित तौर से जो छोटे किसान हैं, सीमान्त किसान हैं, एग्रीकल्चरल लेबर हैं, आदिवासी, गिरिजन, हरिजन हैं, और देश के तामम वह क्षेत्र जो पिछड़े हुए हैं, ड्राइवल हैं, जब तक कृषि के विकास का काम उनके बीच में नहीं होगा, तब तक निश्चित तौर से हिन्दुस्तान का विकास नहीं होगा । मुझे खुशी है कि कृषि विभाग ने इनकी तरक्की के लिए बहुत सी योजनायें बनाई हैं ।

एक योजना डी० पी० ए० पी० है, ड्राउट-प्रोन एरिया प्राजेक्ट इसके तहत तमाम हिन्दुस्तान में सूखे के लिए 78 जिले छांटे गये थे, लेकिन जो सूखे की राहत के लिए तेजी से कार्यक्रम चलना चाहिए था, वह नहीं चला । एग्रीकल्चर कमीशन में एक स्टडी टीम बनी थी श्री वी० शवरमण के नेतृत्व में । उन्होंने हिन्दुस्तान का दौरा करने के बाद बहुत से सुझाव दिये थे गांवों का विकास करने के लिए । उसके लिए 38 गांव चुने गये थे । बिहार, उड़ीसा और उत्तर प्रदेश में । उनमें से उत्तर प्रदेश में 5, बिहार में 23, उड़ीसा में 6 और तमिलनाडु में 4 थे । इनमें 5 गांव उत्तर प्रदेश के थे जो मेरी कांस्टीटुएन्सी में पड़ते थे । इसके अलावा 100 गांव और लिए गए थे । जिनमें डिमांस्ट्रेशन के तौर पर कृषि की तरक्की की बात करनी थी । उसके जो रिजल्ट आये हैं वे अच्छे हैं और उत्साह-वर्द्धक हैं । हमारे यहां एक बनवासी शिव आश्रम है जो कि रिप्यूटेड सोशल आर्गेनाइजेशन है । यह काम उसको सौंपा गया था । इन 100 गांवों में जो काम हुआ उसका मल्यांकन एग्रीकल्चर फाइनेंस कार्पोरेशन बम्बई ने किया है । मैं बताना चाहता हूं कि 160 रुपए जिनकी पर-कैपिटा इनकम थी गांव की, उनकी 3 साल में 272 हो गई । शिक्षा में 14 परसेंट से 27 परसेंट

लिटेरेसी हो गई और 35 परसेंट लोग पावर्टी लाइन से उपर आ गये । इस तरह की 4, 5 चीजें हैं। हैल्थ में 98 प्रतिशत सफलता रही और ऋण-मुक्ति शत-प्रतिशत सफल रही । इस प्रकार से इनकी जो फाइन्डिंग्ज हैं, वह बहुत उत्साहवर्द्धक हैं ।

मैं कृषि मंत्री से मांग करता हूं कि जहां भी ऐसे क्षेत्र हैं, वहां होल विलेज डेवलपमैंट कार्यक्रम को विस्तार से बढ़ाया जाये और एक कम्प्रीहैंसिव विस्तृत प्रोग्राम हो जिसमें कृषि ही नहीं, बल्कि स्वास्थ्य, शिक्षा, दवाएं और अनेक प्रकार के कम्युनिटी डैवलपमेंट के समग्र विकास के कार्यक्रम हों । मैं ने अभी कृषि मंत्री और प्रधान मंत्री से कहा था कि जो उपलब्धियां हुई है, उनके आधार पर एक सैमिनार आयोजित किया जाये । उन्होंने इस सुझाव को स्वीकार कर लिया है ।

16.00 hrs.

छोटे काश्तकारों और सीमान्त कृषकों को--ढाई एकड़ तक वाले काश्तकारों को --33 परसेंट सहायता दी जाती है । मैं चाहता हूं कि उन्हें 50 प्रतिशत सबसिडी दी जाये ।

उत्तर प्रदेश में तीन इलाका में पिछड़े हुए जिले हैं : पूर्वी उत्तर प्रदेश मे 15 जिले, बुंदेलखंड में 5 जिले और 8 पहाड़ी जिले । उनकी हालत बहुत खराब है । उनकी आवश्यकताओं को दृष्टि में रखते हुए उनके विकास के लिए कार्यक्रम बनाये जाने चाहिए । समुचित योजनाओं को कार्यान्वित कर के उन्हें ड्राउट-प्रूफ बनाया जाये । सूखे से छुटकारा पाने के लिए कृषि विभाग के अधिकारी और एक्सपर्ट्स कोई स्कीम बनाये और उसके रिजल्ट सारे हिन्दुस्तान पर लागू हों ।

हिन्दुस्तान भर में 5028 ब्लाक है । लेकिन दुख की बात है कि उत्तर प्रदेश को उनका हिस्सा नहीं मिला है । मैं मांग करना चाहता हूं कि कृषि सेवा केंद्रों का विस्तार किया जाये, जिनके अंतर्गत ट्रेनिंग की व्यवस्था और आर्थिक तथा तकनीकी सहायता की जाती है । ये सारे कार्यक्रम सैंट्रली-स्पांसर्ड थे । पिछले वर्ष जनता पार्टी के रेजीम में इन कार्यक्रमों को प्रदेशों को ट्रांसफर कर दिया गया । नेशनल डेवेलपमेंट कौंसिल की मीटिंग में यह निर्णय ले लिया गया । इससे इमबैलेंसिज और बढ़ गये हैं । मैं चाहता हूं कि गवर्नमेंट इस पर पुनर्विचार करे । जो योजना केन्द्र द्वारा बनाई जाती है, जिसके के लिए पैसा केन्द्र द्वारा दिया जाता है, उसके सम्बन्ध में जो गाइडलाइन्ज दी जाती हैं, राज्य उनके अनुसार कार्य नहीं कर रहे हैं ।

बहुत सी स्टेट्स भूमि-सुधार के कार्यक्रमों में बहुत पिछड़ी हुई हैं । गरीबों को जो जमीन एलाट हुई है, उसपर उनको कब्जा नहीं मिला है । सैंट्रल गवर्नमेंट से यह आदेश जाना चाहिए कि उन लोगों को जमीन का कब्जा दिलाया जाये । भयावह बाढ़ से आये-दिन परेशानियां होती हैं । यदि किसी गरीब किसान का घर गिर जाता है, तो उसे 200 रुपए की सहायता दी जाती है । यह रकम बहुत कम है । अगर किसी किसान का घर गिर जाये, तो उसे कम से कम 1,000 रुपए मिलने चाहिएं ।

मैं सरकार और कृषि मंत्रालय का बहुत आभारी हूं कि इस भंयकर और अप्रत्याशित सूखे में --भारत के इतिहास में ऐसा सूखा पहले कभी नहीं पड़ा है--उन्होंने ऐसी व्यवस्था की है कि एक भी इन्सान भूख से नहीं मरने पाया । इससे हमारा मस्तक ऊंचा हुआ है । हमने देखा था कि बंगाल के अकाल में लाखों आदमी मौत के घाट उतर गये थे । आज जो व्यवस्था की गई है, वह हमारे लिए गौरव का विषय है और उसके लिए केन्द्रीय सरकार और कृषि मंत्रालय धन्यवाद के पात्र हैं ।

पशुओं को सूखे से बचाने के लिये केन्द्रीय सरकार ने उनके चारे के बारे में जो गाइडलाइन्ज भेजी है, कुछ स्टेट्स उन पर अमल नहीं कर सकी है । मिर्जापुर में 30 परसेंट पशु मर गये । मैं मांग करना चाहता हूं--मुझे खुशी है कि कृषि मंत्री आ गये हैं, मैं ने उन्हें पत्र भी लिखा है--कि जिन किसानों के जानवर मर गये हैं, उन्हें सबसिडी दी जाये, ताकि वे कृषि का काम कर सकें ।

सूखे में रिग मशीनों ने बहुत काम किया है, लेकिन उनकी संख्या अपर्याप्त है । उत्तर प्रदेश सरकार ने रिग मशीनें मांगी हैं ।

श्री विरेंद्र सिंह राव : वहां भेजी हैं ।

श्री राम प्यारे पनिका : लेकिन वे काफी नहीं हैं । और रिग मशीनें दी जायें, ताकि पानी के बारे में स्थायी हल हो सके ।

सरकार ने किसानों के लिए जो योजनायें चलाई है--एस एफ डी ए, डी पी ए पी, एम एफ डी ए, आदि--उनका विस्तार किया जाना चाहिए । आदिवासियों के लिये ट्राइबल पायलट प्राजेक्ट चलाये गये हैं, जिन्हें टी डी ए प्राजेक्ट कहा जाता है । सरकार ने कुछ ब्लाकों को चुना है । इससे काम नहीं चलने वाला है । हिन्दुस्तान भर के सारे ट्राइबल एरिया को उसमें शामिल करना चाहिए । हरिजन और आदिवासी देश की आबादी का 25 प्रतिशत हैं । उनके जो विकास के लिये कार्यक्रम बनाने चाहिएं ।

जैसा कि श्री मिर्धा ने कहा है, बजट में जो प्रावधान किया गया है, वह निश्चित रूप से कम है । उसको बढ़ाना चाहिए । सभी

[श्री राम प्यारे पनिका]

राज्यों को निर्देश दिया जाये कि दस वर्ष तक जंगल न काटे जायें । राजा साहब बैठे हैं । वह उत्तर प्रदेश में फारेस्ट मिनिस्टर थे । उन्होंने कुछ इलाकों में दस वर्ष तक जंगल काटना रोक दिया था । आज आवश्यकता यह है कि जंगल को कटने से आप रोकें । उन का ठेका वगैरह न दिया जाये । स्टेट की रेवेन्यू बढ़ाने के नाम पर स्टेट की सरकारें अनाप शनाप उन की नीलामी कर रही हैं । आप इंडियन फारेस्ट एक्ट में कुछ ऐसा प्राविधान कीजिए कि आप को अधिकार मिल जाय कि जब तक आप अधिकार न दें तब क जंगल वह न काट सकें ।

जानवरों के लिए चारे वगैरह की व्यवस्था पूरी कीजिए । जगह जगह उन के रिसर्च सैंटर्स को बढ़ाइए ।

इसी प्रकार से जैसे इंडस्ट्री के लिए आप बिजली में छूट देते हैं ऐसे ही डीजल वगैरह में किसानों के लिए सब्सिडी दीजिए । यही नहीं, सब जगह डीजल के पम्प्स नहीं लगे हैं । जहां जरूरत हो वहां पम्प्स की व्यवस्था की जाय । इन शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं ।

SHRI LAKSHMAN MALLICK (Jagatsinghpur): Mr. Chairman, Sir, I rise to support the Demands for Grants of the Ministry of Agriculture.

The agricultural production has a great importance in our country. Apart from the need for food, this sector employs the bulk of our labour force and their wellbeing depends on a high level of productivity. During the year 1978-79, foodgrains production has reached a record level of 131.37 millions tonnes. We should take note of certain important facts for such a record.

Firstly, this figure includes the production of both cereals and pulses. But production of pulses has hardly changed. It has fallen below that of the year 1975-76. Practically, pulses have disappeared from the diet of the poor people here. The lower and middle class people are not able to purchase these for their diet. A massive research effort has to be mounted for augmenting the pulses production in unirrigated areas.

Secondly, the overall production figures do not bring out correctly the regional situations. Out of a total increase of 4.76 million tonnes in cereal production in 1978-79 over 1977-78, 3.23 million tonnes are on account of wheat. The area of rice-growing is comparatively larger than that of the area under wheat. There are many reasons probably for less production of rice. The natural calamities also played a part for less production. The wheat production has been increased more significantly than rice production. The yield per unit area in many of the rice producing areas is very low. Our food situation will never be comfortable. The farmers of rice-growing areas will continue to suffer unless this production disparity is corrected. One of the major reasons for the stagnation in rice production is due to poor irrigation support. Wherever the irrigation facilities are available the farmers have adopted the improved practices and have increased their consumption of inputs and achieved a satisfactory level of production. Unfortunately, greater part of this area continues to depend on rains. To correct such imbalances between rice growing area and wheat area a policy decision has to be taken that the Centre will assist the States in execution of irrigation schemes.

Sir, for our food production we depend on imported fertilisers. Fertiliser consumption has improved remarkably from 2.57 million tonnes in 1974-75 to 5.11 million tonnes in 1978-79. I hope there is no likelihood that this import of fertilisers will stop in the near future. It is revealed from the Report of the Ministry that some important fertilisers are not available and the prices in the international

market have been rising and the suppliers do not want to honour the contractual commitments. We have to take note of these facts. We should also step-up domestic production in order to make the country self-sufficient in this sector. This needs for a perspective plan for setting up fertiliser plants. Such a plan should be drawn up quickly and implemented.

Sir, the recent increase in fertiliser price has made it imperative that the farmer should get a fair price for his produce. In the absence fair price shops the production level cannot be maintained. A large number of jute farmers in Orissa do not get a fair price. They are very often forced to part with their produce at a throw-away price. Procurement of jute at fair price should be organised.

Sir, the rural employment situation is alarming. There is clear evidence about increasing of unemployment and under-employment in rural sectors. Unfortunately, there is no single thrust in our programmes of rural development. A variety of programmes with practically same programme contents are being implemented. At the State level these programmes are some times controlled by different departments with the result that the schemes work at cross-purposes. So, it creates confusion alround. There is no reason why all such schemes meant for betterment of small and marginal farmers and landless labourers cannot be blended into a single scheme. The Finance Minister in his budget speech referred to a National scheme of rural employment. We hope this scheme will not be yet another routine scheme and all schemes with identical contents but operating under different labels will be blended together. We do not see adequate thought being given for organising a viable machinery for rural development.

The blocks installed in the 1950s, have fallen into disuse and are now without any viable programme. Keeping in view the need to provide more important services at one place to the Rural community block pattern was originally designed. This was a novel experiment. But, before it could be fully established, it was called off. As such, at present, we have no agency to implement the rural development programme. If this situation continues, the bulk of the outlay will remain unspent and the benefits meant for the people will not reach them. So, I would suggest that serious thought should be given to reconstituting the block machinery so that various disciplines connected with rural development work are integrated into a singly administered administrative apparatus.

Then, Sir, my last point is this. The Railways do not serve equally all parts of the country. For example, in Orissa, there are many districts, which are not served by the Railways. The price of fertilizer is based on f.o.r. destination rail-head. There is very little margin of profit. Therefore transport of fertilizer from the rail head to the interior area has become uneconomical.

As a result, much of the interior areas are denied the advantage of getting fertilizer at reasonable price. Many State Government like Orissa have been urging the Government of India to declare the block headquarters as national rail-read, so that the fertilizer can be transported by road from nearest railhead to the block headquarters, which would be destination point for f.o.r. destination price. Without this facility, the consumption of fertilizers in the backward States like Orissa is not likely to improve much. So, Government should declare block headquarters as rail-head.

With these words I conclude my speech.

MR. CHAIRMAN: Shri L. S. Tur...

श्री लहना सिंह तुर (तरन तारन) (*spoke a few words in Punjabi*).

MR. CHAIRMAN: Either you speak in Hindi or you speak in English. If you want to speak in Punjabi, you may speak later. You have not given any previous notice.

श्री लहना सिंह तुर : पंजाबी ओखी जबान नहीं है, सोखी जबान है ।

सभापति महोदय : आप हिन्दी में बोलिए क्योंकि अभी इन्टरप्रीटर नहीं हैं और नहीं तो बाद में बोलिए ।

श्री लहना सिंह तुर :: मैं बाद में बोल लूंगा, लेकिन बोलूंगा पंजाबी में ।

श्री कुम्भाराम आर्य (सीकर) : सभापति महोदय, मैं कृषि मंत्रालय की मांगों के बारे में अपने विचार प्रकट करने के लिये खड़ा हुआ हूं । किसानों के साथ जो व्यवहार किया जा रहा है और जिस के लिये सरकारी प्रोत्साहन की बात कही जा रही है, वह "लम्बा हेला, ओछी बीख" के सिवा कुछ भी नही है । मैं आप के द्वारा सदन को बतलाना चाहता हूं कि किसानों के साथ बड़ा पक्षपात होता है, उन के साथ बड़ा अन-जस्टिस होता है और इतना कठोर सौतेला व्यवहार होता है कि जिस को कोई सहन नही कर सकता । यह किसान ही ऐसा है जो इन सारी बातों को सहन करता है ।

मैं इस वक्त गन्ने और चीनी की बात कहता हूं । चीनी पैदा करने में किसान को भी काम करना पड़ता है और उद्योगपति को भी काम करना पड़ता है । उद्योगपति को अपनी मिल चलानी पड़ती है और किसान को गन्ना पैदा करने के लिये अपने खेतों में काम करना पड़ता है । लेकिन इन दोनो के साथ सरकार का क्या व्यवहार है ? इसकी तरफ मैं आप का ध्यान दिलाना चाहता हूं । चीनी मिल के लिये कानून बनाया जाता है, एरिया डिमार्केट किया जाता है । उस एरिये में पैदा होने वाला गन्ना किसी दूसरी जगह नही बेचा जा सकता अगर कोई बेचता है तो उस को सजा मिलती है । दूसरी तरफ किसान को मजबूर किया जाता है कि वह उसी मिल को गन्ना बेचेगा, दूसरी जगह नहीं बेचेगा । नतीजा यह होता है कि मिल-मालिक उस को उस के गन्ने का पैसा भी नही देता, उधार की पर्ची पकड़ा देते हैं उस उधार की पर्ची की हालत यह है कि उस का पेटेन्ट पांच-पांच साल तक नही होता, करोड़ों रुपये चीनी मिल मालिकों के पास किसानों के पड़े हैं, किसान को रकम का ब्याज भी नही मिलता । इस सरकार से कोई पूछे कि इस तरह का दुर्व्यवहार किसान के साथ करने में सरकार को क्या लाभ है ? किसान को बरबाद करने के लिये इस तरह का कार्य सरकार क्यों कर रही है ? उस को इस में क्या मिल रहा है ? मेरा ख्याल है कि इसमें इस के सिवा कुछ नही—

सतहीना सरदार मतहीना राखे मिनख

अस अन्धे असवार राम रुखालो राजिया ।

इन को कुछ भी पता नहीं है कि किसान के साथ क्या हो रहा है, उस पर क्या गुज़र रही है ।... ....(व्यवधान)....... मैं भी किसान का ही बेटा हूं, किसी बानिये का छोरा नहीं हूं

दूसरी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि किसान गन्ना बोता है, उस गन्ने को सरकार पानी देती है । चीनी मिल वालों को चीनी बनाने के लिये, मिल चलाने के लिये बिजली देती है । बिजली के पैसे में कोई गड़बड़ नहीं । लेकिन खेती में जो पानी लगता है, अगर किसान ने उससे गन्ना पैदा कर लिया तो पानी की दर ज्यादा ली जाती है । जो दर गेहूं के लिये या बाजरे के लिये है, गन्ने के लिये वह दर नही । गन्ने के लिये ज्यादा दर चार्ज की जाती है । मैं पूछना चाहता हूं कि किसान के साथ यह पक्षपात क्यों ? क्या आप ने पानी में कोई हींग डाल दी है या फिटकरी डाल दी है, क्या कर दिया है जो गन्ने के लिये पानी लगे उस की कीमत ज्यादा चार्ज करेंगे और गेहूं या बाजरा में जो पानी लगेगा तो उस की कीमत कम वसूल करेंगे ? इस तरह का व्यवहार मिल-मालिकों के साथ क्यों नही किया जाता अगर वह चीनी पैदा करेगा तो उस से बिजली का ज्यादा पैसा लेंगे, अगर खण्डसारी पैदा करेगा तो कम पैसा लेंगे ? इस तरह का व्यवहार मैंने "राम और राज" के घर में कहीं नहीं देखा, सिवाय इस कांग्रेस राज के । राम किसान को दो नजर से नहीं देखता, राज को भी दो नजरों से देखने का अधिकार नहीं है कृषि मंत्री जी से कहना चाहता हूं कृषि मंत्री आप उस राव तुला राम की संतान हैं, जिसने दिल्ली के सम्मुख कभी सिर नहीं झुकाया था और आपने हरियाणा का गुजाया था--

राव आया, भाव आया

राव गया, भाव गया ।

इस वक्त आप हरियाणा में नहीं हैं, दिल्ली हाथ लग गई है, कर दे दो हाथ । क्या दिक्कत है ? किसान की भलाई करने में अगर यहां से चले जाना पड़े तो राज भरोसा करें किसान वापस ले आये, एक बार किसानों का भला कर के दिखला दे । किसान की दुहाई सब देते हैं, लेकिन किसान की भलाई के लिये कोई तैयार नहीं है ।

मैं आप को एक छोटा सा उदाहरण और देता हूं । हम बड़े ऋण देते हैं, ऋणों से किसानों का भला करते हैं । आप ऋण से भला भी करते हो और किसानो को बरबाद भी करते हो । जो छोटा किसान है, वह अपने खेत में कूआं बनाने के लिये ऋण लेगा, मशीन लगवायेगा, लेकिन पैदावार शुरू नहीं होगी, उस के पहले ही पहली किश्त और दूसरी किश्त ड्यू हो जायगी । वह किश्त अदा नहीं कर सका तो सरकार उसकी मशीन

को निकालने जाएगी, निलाम कर देगी । मशीन को निलाम कर दो, कोई दिक्कत की बात नहीं लेकिन मिनिमम चार्ज के नाम पर बिजली का बिल फिर भी भेज देंगे लोगों से साल-साल भर की बिजली की वसूली की जाती है । यह कोई अकल का काम है ? यह मूर्खों का काम है, बेईमानी का काम है । इस पर थोड़ी नजर डालिये, राव साहब ।

एक दूसरी बात और कहना चाहता हूं जिस किसान ने अपनी जमीन के डेवलपमेंट के लिए ऋण लिया कुंआ बनाया और उस कुंए में पत्थर निकल गये या पानी खारी निकला आया, अथवा उस की फसल को टिड्डी ने खा लिया या कोई और बीमारी आ कर लग गई, फसल नष्ट हो गई बस फिर क्या था, सरकार आई और उस के खेत को निलाम कर दिया । मैं सरकार से कहना चाहता हूं कि मेरहबानी कर के गरीब किसान को उजाड़ो मत । किसी को बसा नहीं सकते तो मत बसाओ । लेकिन किसान की जमीन निलाम करते हो यह किसानों के साथ सब से बड़ी इनजस्टिस है । इस को रोकना चाहिए । एक तरफ तो आप कहते हैं कि हम किसानों की उन्नति के लिए पैसे देते है और उस पैसे को अगर किसान अदा नहीं कर सकता है उस की भूमि की नीलाम करके उसको भूमिहीन बना देते हो और फिर कहते हो कि भूमिहीनों की संख्या बढ़ती जा रही है । इसमें दोष किसका ? अगर आप रहे और आप के लोन बढ़ते रहे और उनकी वसूली आप इस तरह से करते रहे, तो किसानों की संख्या घटेगी और मजदूरों की संख्या बढ़ेगी । यह आप के काम करने के तरीके की मेहरबानी है । मैं नम्रता के साथ कहना चाहता हूं कि किसानों की भूमि को निलाम होने से रोक देना चाहिए और इस की वजह से अगर सरकार को नुकसान होता है, तो उस को भुगत लेना चाहिए । ऐसा करना सरकार के लिए बहुत जरूरी है किसान इस हैसियत में नहीं है कि वह सरकार से लड़ सके । अगर किसान इस हैसियत में होता, तो आज से बहुत पहले ही वह सरकार से लड़ कर अपना हक प्राप्त कर लेता।

सभापति जी, आप घंटी न बजाएं मैं बोलूंगा। आप मार्शल से निकलवा सकते हैं । मैं कोई भाषण देने नहीं आया हूं, मैं अपने दुख दर्द कहने के लिए आया हूं । घंटी बजाने से मेरा दिमाग बिगड़ जाता है, इसलिए इस को मत बजाइए ।

समापति महोदय : हम नहीं चाहते लेकिन हमें घंटी बजानी ही पड़ती है ।

श्री कुम्भा राम आर्य : मैं एक बात और बताना चाहता हूं । सरकार ने जितने बिजली बोर्ड बना रखे हैं, हर एक बिजली बोर्ड के अन्दर कन्ज्यूमर वर्ग का एक सलाहकार प्रतिनिधि के रूप में बैठा हुआ है लेकिन एक बदकिस्मत वर्ग ऐसा भी है, जो संख्या में सब से अधिक कन्ज्यूमर कहलाता है लेकिन उस वर्ग का यानी किसान वर्ग का कोई भी प्रतिनिधि किसी भी बोर्ड के अन्दर आज तक नहीं है । सरकार ने इस पर कभी ध्यान नहीं दिया अगर किसान का प्रतिनिधि परामर्शदाता के रूप में बिजली बोर्ड में जाता है, तो इस सरकार का क्या नुकसान है । मैं पूछना चाहता हूं कि क्यों नहीं उसको जाने दिया जाता जबकि दूसरे वर्गों के प्रतिनिधि वहां पर मौजूद हैं ? सरकार का इरादा किसानों की हमदर्दी का नहीं है । किसान के साथ ऐसे दुर्व्यवहार अनेक हो रहे हैं । मैं ऐसी सब बातें कहना चाहता हूं आप नाराज न हों । आपने ऐसी परम्परा जो बना दी है, वह बहुत बुरी है, बिना समझदारी की है और अकारण है । इसलिए मैं आप से निवेदन करता हूं कि बिजली बोर्ड में किसान वर्ग का प्रतिनिधि होना चाहिए ।

सभापति जी उद्योगों का तो सरकार ध्यान रखती है लेकिन खेती का नहीं रखती क्योंकि वह बड़े लोगों का भला देखती है गरीबों का नहीं । बहुत बढ़िया सरकार है । सरकार गरीबों के लिए पहले हुआ करती है और अमीर के लिए बाद में । आप अमीर के लिए पहले हैं और गरीबों के लिए बाद में भी हैं अथवा नहीं ; इस का कई पता नहीं । यह हालत है सरकार की । मैं मंत्री महोदय से कहना चाहता हूं कि आप इस तरीफ ध्यान दें । उद्योगों के अन्दर 2 पैसे यूनिट बिजली दी जारी है और उस के बाद सब्सीडी अलग से दी जाती है जिसकी मात्रा लाखों में नहीं बल्कि करोड़ों में है । लेकिन किसान से बीस पैसे से ले कर सत्ताईस पैसे यूनिट तक चार्ज किया जाता है अनुदान किसान के नाम पर किसान के नाम लिख दिया जाता हो तो पता नहीं उसे दिया तो नहीं जाता । मैं किसान के बारे में आप से यही निवेदन करना चाहता हूं कि आप एक तो किसान की जमीन को नीलाम होने से रुकवा दें । दूसरे बिजली बोर्ड के अन्दर किसानों के प्रतिनिधि रखवा दें और पक्षपात बन्द करा दें । आप स्टेट के मुख्य मंत्रियों को इसका परामर्श भेजिये जिससे कि किसान की भी वहां सुनवाई होने लगे ।

16.30 hrs.

[Shri Chandrajit Yadav in the Chair]

दूसरी बात मैं सहकारिता के बारे में कहता हूं । सहकारिता किसान की सब से बड़ी समस्या है । सहकारिता को एक फर्जी जामा पहना रखा है । इसको जमने नहीं दिया जाता है । नेशनल आरगेनाइजेशन से ले कर नीचे गांव तक सभी सहकारी समितियों की हालत बिगाड़ रखी है मैं आपको बताता हूं । गांव के लोगों का एक

[श्री कुम्भा राम आर्य]

सहकारी समिति के नाम और आकार के सम्बन्ध में दिमाग बनता है, उससे पहले उसका नाम बदल दिया जाता है, आकार बदल दिया जाता है। गांव के लोग कोशिश करके बदला नाम और आकार अपने दिमाग में बिठाते हैं इतने में तीसरा नाम और आकार स्थापित कर दिया जाता है। कभी उसका नाम ग्राम सेवा सहकारी समिति, कभी ग्राम ऋणदात्री सहकारी समिति, कभी ग्राम समूह सहकारी समिति कर दिया जाता है। गांव का किसान इन सहकारी समितियों का नाम याद करने में ही आज तक उलझा हुआ है। अगर एक आदमी का नाम तीन-तीन, चार-चार बार बदल दिया जाए तो कैसे उसका नाम याद रह सकता है? गांव के अन्दर सहकारी समितियों की हालत बहुत खराब है। उससे बनने वाली मार्केटिंग सोसायटी को फेल करने के लिए सरकार ने अलग से खाद्य निगम कायम कर दिया। कायम इसलिये किया है कि स्टेट और नेशनल लेवल के सहकारी संघ फेल हो जाएं और स्टेट और नेशनल लेवल के सहकारी संघटनों के लिये आप चाहते हैं कि वे फेल हो जाएं। आप सारा का सारा पैसा निगमों को देते हैं सहकारी संस्थाओं को नहीं देते निगम बाजार में खड़े हो कर खरीद फरोख्त करते हैं, सहकारिता फिसक रही है। इसकी वजह यह है कि अगर सहकारिता के अन्दर सरकार का पैसा चला जाए, और इसको सरकार का समर्थन मिल जाए तो नौकरशाही क्या करे? नौकरशाही को बीच में से निकलना पसंद नहीं। हिन्दुस्तान की जनता इस नौकरशाही के रहते आजाद नहीं।

आज गांवों की हालत आपने क्या बना रखी है? एक गांव के अन्दर आपकी तीन-तीन, चार-चार सरकारें चलती हैं। इरीगेशन मिनिस्टर का डिपार्टमेंट अलग, एजूकेशन मिनिस्टर का डिपार्टमेंट अलग, हैल्थ मिनिस्टर का डिपार्टमेंट अलग और कोआप्रेटिव का डिपार्टमेंट अलग है। इन महकमों के कर्मचारी एक दूसरे की मानपे नहीं और गांव वाले को अलग अलग डील करना पड़ता है। क्यों नहीं सरकार पंचायत स्तर पर एक प्रशासनिक यूनिट बना दे? मैं आपसे कहना चाहता हूं कि आप यह बनाइये और उसका इंचार्ज सरपंच को बनाइये। गांव में सरपंच का हुक्म चलवाइये जिससे मालूम हो कि गुलामी चली गई और आजादी आ गई। आज सरपंच को सिचाई का पानी लेने के लिए ओवरसियर और बेलदार के पैर पकड़ने पड़ते हैं। राव साहब यह नौकरशाही का राज है इस नौकरशाही के चक्कर में आप और हम पिसे जा रहे हैं। नतीजा यह हो रहा है कि गांव की ग्राम आप्रेटिव से ले कर दिल्ली तक की कोआप्रेटिव फेल हो रही है। इसको फेल करने के लिए निगम और भण्डारण की व्यवस्था अलग बना दी। सारा धन नौकरशाही के हवाले कर दिया। अब आप कहते हैं कि नौकर ज्यादा धन खर्च करते हैं, बेतरतीब का खर्च करते हैं। बनिया कम खर्च करता था। यह कहना था तो फिर उन्हें धन दिया ही क्यों। आपको कोआप्रेटिव को फैलाना चाहिए, सारा पैसा उसको देना चाहिए भण्डारण की मार्केटिंग की सारी व्यवस्था आपको कोआप्रेटिव के हवाले करनी चाहिए ताकि वहीं पैदा करने वाला हो वहीं खरीदने वाला हो। शिकियत का प्रश्न ही न रहे। लेकिन आज खरीदने वाला कोई, बेचने वाला कोई और पैदा करने वाला कोई नतीजा यह है कि सब जगह गड़बड़ घोटाला है। मैं निवेदन करना चाहता हूं कि सहकारिता को स्वतंत्रता दीजिये, स्वावलम्बी बनने का अवसर दीजिये। इसे नौकरशाही के शिकंजे से निकालने की मेहरबानी कीजिये, इससे आपके घर से कुछ लगेगा नहीं।

तीसरी बात मैं पंचायत राज की करना चाहता हूं। पंचायती राज आज हिन्दुस्तान में कहने मात्र को है। पंचायतों को जो अधिकार मिलने चाहिये थे, वह अधिकर नहीं है। अधिकार तो दूर रह गये, अशोक मेहता ने जो रिपोर्ट दी थी कि पंचायती राज को संवैधानिक संरक्षण देने के लिये इसको संविधान में जगह देनी चाहिये, उस रिपोर्ट को लाल-फीते मे बांधकर अलमारी में रख दिया गया है। वह आज तक हमारे सामने नहीं लाई गई है। यह सब नौकरशाही की मेहरबानी है। नौकर नहीं चाहता कि देश की जनता उनके सामन सिर उठाकर चल सके। वह यह भी पसन्द नहीं करता कि गांव का गंवार आदमी एक कलक्टर को हुकम दे दे कि तुमको यह काम करना पड़ेगा।

मैं एक आश्चर्य की बात बताता हू अगर कोई जन प्रतिनिधि मुख्य मंत्री की गद्दी पर बैठ जाता है तो वह बड़े-से-बड़े अफसर के खिलाफ एक्शन ले सकता है, उसको डिग्रेड कर सकता है, ट्रांस्फर कर सकता है, बर्खास्त करवा सकता है, लेकिन वह मुख्य मंत्री अगर चीफ मिनिस्टर की गद्दी से उतरकर गांव मे पंचायत की गद्दी पर बैठ जाये, सरपंच बन जाये तो वह पटवारी से रिपोट नहीं मंगवा सकता है। यह है पंचायती राज। जब वह मुख्य मंत्री की गद्दी पर बैठा था, बड़े दिमाग वाला आदमी था, चरित्र वाला आदमी था और सरपंच बनते ही उसका चरित्र हनन हो गया और बुद्धि भी खत्म हो गई। यह सब पंचायती राज के साथ मखौल है। आप इस नौकरशाही को पंचायत के हवाले कर दीजिये। पूरे गांव के सत्तर नौकर सरपंच के नीचे रहने चाहियें और जो तहसील के है वे प्रधान के नीचे रहने चाहिएं चाहे उनकी हैसियत कुछ भी हो, तभी पंचायती राज कायम होगा, इसके बगैर पंचायती राज कायम नहीं हो सकता। पंचायती राज कायम होने पर देश में तरक्की का काम शुरू होता, नहीं तो तरक्की का काम नहीं हो सकता है। अब तो करप्शन का काम होता है, मैं तेरी नहीं कहूंगा, तू मेरी न कहियो।

इस तरह से लोग बजट का पैमा ठिकाने लगा देंगे, आप कहेंगे कि हमने बहुत दिया और हम कहेंगे कि आपने कुछ नहीं दिया ? यह दोनों के लिये समस्या है ।

आप भी मंत्री महोदय, सदा यहां नही रहेंगे, कभी गांव में सरपंच बनना पड़ गया तो पटवारी आपको पसीना ला देगा । इसका प्रबन्ध अभी से कर लें । पटवारी को सरपंच के नीचे लगा दे । मैं यह इसलिये कह रहा हूं कि यह गांव वालो के लिये बडा भारी संकट है, यह उनकी व्यथा कह रहा हू ।

श्री राम नगीना मिश्र (मलमपुर) : चौधरी साहब ने तो पटवारियों को समाप्त किया वह एक रुपया चार आने लेता था, लेकिन उन्होने नये लेखपाल पैदा कर दिये जो 10 रुपये लेते हैं

श्री कुंभाराम आर्य : मै यहा चौधरी साहब के हक मे बोल नही रहा हू, मैं तो किसान की व्यथा प्रकट कर रहा हू, इसमें कोई खराबी हो तो मुझे वापस दे दे ।

श्री राम नगीना मिश्र : मै तो यह कह रहा हूं कि यह चौधरी साहब ने किया था, जब वह सत्ता में थे

सभापति महोदय : ठीक है, वह व्यवस्था की आलोचना कर रहे है, किसी व्यक्ति के पक्ष या विपक्ष की बात नही कह रहे है । चौधरी साहब अब आपने अपनी बात समाप्त कर ली ।

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE (SHRI R. V. SWAMINATHAN): Sir, many hon members from the other side and also from my side have participated in the debate on the Budget Demands of the Ministry of Agriculture and the Ministry of Rural Reconstruction My senior colleague, Shri Rao Birendra Singh, will later on wind up the debate. He will deal with most of the points that have been made in this debate with regard to agriculture and other important points. I am making this intervention mainly to deal with some of the points concerning Animal Husbandry, Dairying, Fisheries and Rural Reconstruction since I am handling these subjects.

At present, in the agricultural economy of India, crop husbandry plays a dominant role. It accounts for nearly 79 per cent of the value of total output in agricultural sector. The livestock sector accounts for 17 per cent and fisheries for nearly 1.7 per cent.

With this excessive dependence on crop husbandry, there is too much of instability in agricultural incomes from year to year. If agriculture is to be stabilised, we must develop the livestock sector as well as the fisheries sector in a big way. These sectors have a great deal of export potential. Moreover, these are sectors wherein small farmers, marginal farmers, agricultural labour and small fishermen can effectively participate.

In the above context, we propose to lay a much greater stress on livestock development and fisheries in the new Five Year Plan that is being formulated. In 1980-81 itself, a beginning has been made in this direction.

In order to meet the increased requirements of milk, our country needs to step up our milk production in a big way. Currently, our annual milk production is around 29 million tonnes. The intention is to increase this by about 8 million tonnes in the next five years. For this purpose, it is necessary to carry out a cross-breeding programme on a massive scale. Some beginnings have already been made towards introduction of a cross-breeding programme in the country. In 1980-81, we are intending to give it a big push forward For this purpose we have provided Rs. 5 crores in the Central Budget for the establishment of frozen semen stations in the different parts of the country for artificial insemination.

Along with cattle development, we intend to intensify our efforts in the dairy development. The main programme here is that of Operation Flood II, which will cover about 155 milk-shed districts. This massive project is intended to benefit 10 million families and cover about 15 million milch animals. As an indication of

[Shri R. V. Swaminathan]

our earnestness, I might add that the Plan outlay for cattle and dairy development which was about Rs. 51 crores in 1979-80 has been increased to Rs. 81 crores in the Central Budget now under consideration.

I think I should also take this opportunity to remove some misapprehensions regarding Operation Flood I. Far from being a failure, it has largely achieved the major objectives. Out of a sum of Rs. 112.60 crores generated from sale of gift SMP and butter oil, Rs. 106 crores have been utilised. The processing capacities of the 4 metropolitan dairies have been increased three-fold from 9 lakh litres per day to 27 lakh litres per day. In the 18 milkshed areas, feeder balancing capacities have been raised from under 7 lakh litres per day to 32 lakh litres per day. A substantial fleet of rail and road milk tankers capable of transporting nearly 30 lakh litres per day has been built up.

Nearly 1.2 million milk producers have been benefited through membership of 9,000 cooperative societies which provide facilities for technical inputs and veterinary care for their milch cattle. In those areas nearly 14 lakh artificial inseminations have been performed. For supplementary feeding of the animals, 8 cattle feed plants have been commissioned and 8 more are soon to be operational.

The result of these efforts has been that import of milk powder has declined from 48,000 tonnes in 1968-69 to 19,000 tonnes in 1979-80, while during the same period, the indigenous production increased from 20,000 tonnes to 64,000 tonnes.

Our studies have shown that in practically all the 18 milk sheds, about 70 per cent of the members of the societies are small or marginal farmers or landless labourers.

In our assessment the Operation Flood I approach has proved sufficiently successful to induce us to undertake the more ambitious Operation Flood II project which will now cover practically all the States.

Shri Digambhar Singh's point that step up of outlay on dairy will help only the urban consumers to get cheap milk and butter, is not correct. Firstly, around 35 per cent of the outlay will be clearly used for cattle development programmes in villages like provision of artificial insemination facilities, veterinary care, feed and fodder, semen banks, etc.

Secondly, the investments in processing capacities which would be around 35 per cent will also benefit the producers by providing them with an assured remunerative price and stable market and with access to the purchasing power of the urban consumers.

Thirdly, studies in the milksheds taken up under Operation Flood I have shown that the milk producers have secured at least 50 per cent increases in their cash incomes.

Finally, the processing capacities, particularly the feeder/balancing dairies are proposed to be owned by the producers cooperatives.

The hon. Member from Andaman said that Andaman should not be neglected. Any programme that the Government of India envisage, is meant for the whole of the country. Andaman is also a part of our country though it is situated at a far off place. We will not ignore it. He wanted that the programme of Operation Flood II should be introduced there. We are planning for it. Also cattle development covers Andaman & Nicobar Islands.

Poultry rearing is generally done by small and marginal farmers, tribals and other weaker sections of the community. There is growing demand for eggs and poultry meat. The present level of production of eggs, i.e., by 1979-80 is of the order of 12 thousand million eggs and 22 million broilers.

In order to meet the growing requirement of eggs and birds, we want to raise its production to 16,510 million eggs and 35 million broilers by 1984-85. This big step-up in poultry production will provide the much needed employment to rural people as well as increased production of eggs and birds to meet the national demand.

